# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(**तिथि** 30 JULY 2026, **समय** 18:10 (10 **मिनट**)

**मुख्य समाचार :-**

==========================================

- राज्यसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधनों से बचाव संशोधन विधेयक पर चर्चा शुरू, अध्यक्ष ने चर्चा के लिए सात घंटे का समय दिया।

- हरियाणा के करनाल में कुटेल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया।

- राज्यस्तरीय वन महोत्सव के दौरान वन विभाग द्वारा मीयावाकी विधि से लगभग 20 हज़ार पौधों का रोपण किया गया।

- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनको बचाने पर बल दिया।

- हरियाणा के जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने महेन्द्रगढ़ जिले के 29 गांवों और नांगल चौधरी क्षेत्र के लिए पेयजल परियोजना को तकनीकी मंजूरी दी।

======================================

राज्यसभा में आज लोक परीक्षा (अनुचित साधनों से बचाव) संशोधन विधेयक 2026 पेश किया गया। यह विधेयक कल ही लोकसभा में पारित हो गया था। कार्मिक, लोक शिकायत और राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश किया। राज्यसभा अध्यक्ष ने सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विधेयक पर चर्चा के लिए सात घंटे का समय दिया है। समाचार लिखे जाने तक विधेयक पर चर्चा जारी थी। विध्यक पेश करते डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक इस देश के छात्रों और युवाओं की भलाई की रक्षा के लिए सरकार के वादे को साबित करता है।

चर्चा शुरू करते हुए, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ने नए विधेयक में सिर्फ़ ऊपरी बदलाव किए हैं और प्रस्तावित संशोधन लोक परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने में असरदार नहीं होंगे। उन्होंने कहा, हालांकि कांग्रेस प्रस्तावित बिल का समर्थन करती है, लेकिन इसमें पारदर्शी और पेपर-लीक मुक्त परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े नियम नहीं हैं।

-------------------------------------------

हरियाणा के करनाल में कुटेल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर लगभग 800 स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री के साथ मिलकर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण भी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के वन एवं वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने की।

मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभाग की ओर से प्रकाशित 'हरियाणा फॉरेस्ट न्यूज़' और 'धार्मिक वृक्षारोपण' पुस्तिकाओं का विमोचन किया। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित नागरिकों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने की शपथ भी दिलाई।

राज्य स्तरीय वन महोत्सव के दौरान वन विभाग ने मियावाकी विधि से लगभग 20 हजार पौधों का रोपण किया ।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी प्रदेशवासियों को वन महोत्सव तथा सावन माह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महादेव का स्वरूप हमें प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बेलपत्र को हम भगवान शिव को अर्पित करते हैं, उस वृक्ष को लगाना और उसका संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरा-भरा पर्यावरण अनेक बीमारियों से बचाने का माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए बलिदान देने वाली अमृता देवी बिश्नोई का उल्लेख करते हुए कहा कि वृक्षों की रक्षा के लिए दिया गया उनका संदेश आज भी प्रेरणास्रोत है।

---------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अधिक से अधिक पौधे लगाकर, उन्हें बचाने और धरती को हरा-भरा बनाने पर बल दिया।

वे अंबाला छावनी में रामबाग रोड स्थित दशहरा ग्राउंड में वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। श्री विज ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पौधारोपण भी किया। मीडिया से बातचीत में श्री विज ने कहा -

इस अवसर पर श्री विज ने दशहरा ग्राउंड में चारों तरफ दीवार के साथ फुटपाथ बनाए जाने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

------------------------------------------------------------

पलवल जिले में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय दुधौला में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

श्री गौरव गौतम ने कहा कि आज का दिन केवल पौधे लगाने का अवसर नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी आस्था, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने दायित्व को पुन: स्मरण करने का दिन है।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

---

पंचकूला के बरवाला में अलीपुर गांव स्थित हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि आरती राव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को पौधारोपण और उनकी देखभाल के लिए आगे आना चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वन और पौधों का संरक्षण बेहद जरूरीहै। पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि वनों और पेड़ों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

---

हरियाणा के जन स्वास्थ्य मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने महेंद्रगढ़ जिले के 39 गांवों और नांगल चौधरी क्षेत्र के लिए 284 करोड़ 18 लाख रुपये की भव्य पेयजल परियोजना को तकनीकी मंजूरी दे दी है।

इस योजना के तहत सिरोही बहाली, मुसनोता और आसरावास में तीन नए स्वतंत्र जलघर बनाए जाएंगे।

इसके साथ ही नारनौल शहर में सीवरेज की समस्या से स्थाई राहत देने के लिए लगभग 34 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नई निस्तारण प्रणाली भी तैयार की जाएगी।

हरियाणा के जन स्वास्थ्य मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने महेंद्रगढ़ जिले के 39 गांवों और नांगल चौधरी क्षेत्र के लिए 284 करोड़ 18 लाख रुपये की भव्य पेयजल परियोजना को तकनीकी मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत सिरोही बहाली, मुसनोता और आसरावास में तीन नए स्वतंत्र जलघर बनाए जाएंगे। इसके साथ ही नारनौल शहर में सीवरेज की समस्या से स्थाई राहत देने के लिए लगभग 34 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नई निस्तारण प्रणाली भी तैयार की जाएगी।